## एक नजर में

### अमेज़न के ग्रेट फ्रीडम फ़ेस्टिवल में बड़ी खरीदारी करें

इंदौर. 31 जुलाई से लाइव हो रहे अमेजन.इन के बहुप्रतीक्षित ग्रेट फ्रीडम फ़ेस्टिवल के साथ अपनी पसंद की खरीदारी कर आज़ादी का जश्न मना सकते हैं. चाहे अपने तकनीकी उत्पादों को अपग्रेड करना हों, अपने घर को सजाना चाहते हों या अपनी अलमारी को नया रूप देना हों, ग्रेट फ्रीडम फ़ेस्टिवल सेल आपके लिए है. भारत के सबसे पसंदीदा ब्रांड्स के स्मार्टफ़ोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फ़ैशन, ब्यूटी, किराना, घरेलू ज़रूरी सामान और अन्य उत्पादों के रोमांचक नए लॉन्च और उन पर शानदार डील्स उपलब्ध है. स्थानीय कारीगरों, उभरते स्टार्टअप और महिला उद्यमियों द्वारा संचालित व्यवसायों के विभिन्न उत्पाद भी यहां पा सकते हैं. ग्राहक एसबीआई बैंक क्रेडिट कार्ड और ईएमआई का उपयोग करके 10% तत्काल छूट का लाभ उठा सकते हैं.

### बीएसए मोटरसाइकल्स ने लॉन्च की दो नई बाइक्स

इंदौर. ब्रिटेन के प्रतिष्ठित विरासत ब्रांड बीएसए मोटरसाइकल्स ने दो नई बाइक्स- बीएसए स्क्रैम्बलर 650 और बीएसए बैंटम 350 लॉन्च की हैं. यह लॉन्च बीएसए की ऐतिहासिक यात्रा में एक नया अध्याय जोड़ता है, जिसमें 1861 से चली आ रही क्लासिक मोटरसाइक्लिंग को आज के दौर की परफॉर्मेंस, स्टाइल और इनोवेशन के साथ फिर से गढ़ा गया है. क्लासिक लीजेंड्स के को-फाउंडर अनुपम थरेजा ने कहा आज मैं सिर्फ एक मोटरसाइकिल नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत, एक जुनून को दोबारा ज़िंदा करने की कोशिश लेकर आया हूं- बीएसए बैंटम की वापसी के रूप में. नई बैंटम 350 कोई पुरानी बाइक की नकल नहीं है, न ही बीते ज़माने की कोई याद भर है. यह एक दमदार मॉडर्न क्लासिक है, जो उसी सादगी और राइडिंग के असली आनंद पर बनी है, जिसने ओरिजिनल बैंटम को खास बना दिया था- और वो भी बेहद आकर्षक कीमत पर.

### मैकडॉनल्ड्स ने लॉन्च किया 'प्रोटीन प्लस स्लाइस'

इंदौर. वेस्ट लाइफ फूड वर्ल्ड द्वारा संचालित मैकडॉनल्ड्स इंडिया ने ग्राहकों को पहले से कहीं अधिक व्यक्तिगत पोषण विकल्प प्रदान करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है. ब्रांड ने अपने नवीनतम 'प्रोटीन प्लस रेंज' की घोषणा की, जिसमें शामिल है देश का पहला 100% शाकाहारी, पौधों पर आधारित 'प्रोटीन स्लाइस', जो किसी भी बर्गर में 5 ग्राम अतिरिक्त प्रोटीन जोड़ता है. वेस्ट लाइफफूडवर्ल्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अक्षय जाटिया ने कहा मैकडॉनल्ड्स इंडिया में हमारा विश्वास हमेशा से ग्राहकों को अधिक विकल्प देने में रहा है. इस बार हम उन्हें अपनी प्रोटीन मात्रा को खुद तय करने की शक्ति दे रहे हैं. प्रोटीन प्लस रेंज उन्हें अपनी प्रोटीन ज़रूरतों या स्वाद से समझौता किए बिना अपने पसंदीदा मैकडॉनल्ड्स बर्गर का आनंद लेने की अनुमति देती है. सीएसआईआर-सीएफटीआरआई की निदेशक डॉ. श्रीदेवी अन्नपूर्णा सिंह ने कहा मल्टी-मिलेट बुन की सफलता के बाद, हम इस नई साझेदारी को लेकर उत्साहित हैं.

### लोगों से जुड़ाव भी महसूस कराता है शो

इंदौर. अभिनेत्री और टेलीविजन हस्ती सोनाली बेंद्रे कलर्स के आगामी रियलिटी शो पति पत्नी और पंगा के साथ छोटे पर्दे पर एक होस्ट के रूप में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी के साथ सह-होस्ट किया गया यह शो रिश्तों, प्यार और साहचर्य पर एक ताजा और प्रामाणिक दृष्टिकोण पेश करता है. सोनाली के अनुसार, मुनव्वर भ्रमित पतियों के अनौपचारिक प्रवक्ता हैं, जबकि वह पत्नी का नज़रिया सामने लाती हैं, जिससे यह शो न सिर्फ़ मनोरंजक बनता है, बल्कि लोगों से जुड़ाव भी महसूस कराता है. मज़ेदार और भावनात्मक रूप से भरपूर, पति पत्नी और पंगा एक ताज़गी भरी और ईमानदार खोज का वादा करता है कि एक रिश्ते को हमेशा खुश रहने के बाद भी बनाए रखने के लिए क्या करना पड़ता है.

### सेंट्रल बैंक राजभाषा क्रियान्वयन के लिए पुरस्कृत



इंदौर। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बड़वानी की छमाही बैठक हुई जिसमें भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के उप निदेशक श्री नरेंद्र सिंह मेहरा द्वारा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को सफल राजभाषा क्रियान्वयन के लिए तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस बैठक में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की ओर से बड़वानी के शाखा प्रमुख श्री संजय बिरला एवं राजभाषा अधिकारी सुश्री बंदना साव भी सम्मिलित हुए।

### हायर बनी इशरे कूल कॉन्क्लेव की 'हेल्दी एयर पार्टनर'

इंदौर. हायर अप्लायंसेज़ इंडिया ने इशरे कूल कॉन्क्लेव 2025 में 'हेल्दी एयर पार्टनर' के रूप में अपनी भागीदारी की घोषणा की है. यह आयोजन 31 जुलाई से 2 अगस्त तक इंदौर में हो रहा है. इशरे (इंडियन सोसाइटी ऑफ हीटिंग, रेफ्रिजरेटिंग एंड एयर कंडीशनिंग इंजीनियर्स) द्वारा आयोजित यह कॉन्क्लेव एचवीएसी प्रोफेशनल्स और पर्यावरण-केन्द्रित नवोन्मेषकों के लिए भारत के प्रमुख मंचों में से एक है. हायर की 'हेल्दी एयर पार्टनर' के रूप में उपस्थिति इस बात को दर्शाती है कि ब्रांड अपने ग्राहकों की ज़रूरतों से प्रेरित होकर भविष्य के लिए तैयार एयर कंडीशनिंग समाधान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है. यह साझेदारी हायर की उस रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत ब्रांड ऐसे मंचों पर अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराना चाहता है जहाँ टारगेट ऑडियंस तक उत्पादों की पहुँच को बढ़ाया जा सके.

### कपिल शर्मा का कॉमेडी राज जारी है

इंदौर. द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीज़न 3, नेटफ्लिक्स इंडिया का एकमात्र साप्ताहिक ओरिजिनल, देशभर के दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाए हुए है और लगातार छह हफ्तों से भारत के टॉप 10 में ट्रेंड कर रहा है. जोरदार मज़ाक से लेकर दिल को छू जाने वाले पारिवारिक पलों तक, दर्शक कपिल शर्मा और उनके प्यारे ऑन-स्क्रीन परिवार को खूब पसंद कर रहे हैं. यह शानदार प्रदर्शन नेटफ्लिक्स इंडिया की उस प्रतिबद्धता को फिर से साबित करता है कि वह स्थानीय कहानियों को न सिर्फ देश में बल्कि दुनियाभर में सामने लाना चाहता है और उन मनोरंजनकारों का जश्न मनाता है जो दर्शकों के साथ गहरी जुड़ाव बनाते हैं।. द ग्रेट इंडियन कपिल शो इस बात का प्रमाण है कि कॉमेडी स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म्स पर एक बड़ा आकर्षण है- और इसे कपिल शर्मा से बेहतर कोई नहीं कर सकता.

### दृष्टि आईएएस ने की अस्मिता योजना की शुरुआत

इंदौर. सिविल सेवा की गुणवत्तापूर्ण तैयारी को सभी के लिए सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए दृष्टि आईएएस ने अपनी प्रमुख पहल 'अस्मिता योजना' की शुरुआत की है. संस्थान द्वारा पूर्णतः प्रायोजित ऑफलाइन मेंटरशिप तथा आवासीय सुविधा के साथ यह योजना विशेष रूप से उन अभ्यर्थियों के लिए शुरू की गई है, जिन्होंने यूपीएससी सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2025 उत्तीर्ण कर ली है तथा मुख्य परीक्षा की तैयारी हिंदी माध्यम में कर रहे हैं. दृष्टि ग्रुप की चीफ अकादमिक ऑफिसर, रबमीत कौर, ने कहा एक संस्थान के रूप में हमारा यह मानना है कि आर्थिक तंगी कभी भी वास्तविक प्रतिभा की राह में बाधा नहीं बननी चाहिए. अस्मिता योजना हमारे इसी विश्वास का प्रतिबिंब है जो मेधावी अभ्यर्थियों को सशक्त बनाने तथा उनके विकास में सहयोग प्रदान करने पर केंद्रित है.

### सिंटेक्स ने पेश किया स्मार्ट टैंक

इंदौर. वेलस्पन वर्ल्ड के अंतर्गत आने वाली कंपनी सिंटेक्स ने भोपाल में एक इनोवेटिव सिंटेक्स स्मार्ट टैंक लॉन्च किया है. यह टैंक 100% फूड-ग्रेड वर्जिन प्लास्टिक से बना है, जो भारतीय परिवारों के स्वास्थ्य और बेहतर सेहत को प्राथमिकता देता है. भारतीय परिवारों की बजट-सम्बंधी आवश्यकताओं को समझते हुए, सिंटेक्स ने स्मार्ट टैंक को किफायती मूल्य पर उपलब्ध कराया है, ताकि बेहतर क्वालिटी वाला वॉटर स्टोरेज समाधान भोपाल में हर परिवार की पहुंच में हो. नए उत्पाद लॉन्च पर यशोवर्धन अग्रवाल, एम डी, वेलस्पन बीएपीएल लिमिटेड और डाइरेक्टर सिंटेक्स ने कहा सिंटेक्स में, हम गुणवत्ता, टिकाऊपन और स्वच्छता पर ध्यान देने के साथ इनोवेशन और सस्टेनेबल वॉटर स्टोरेज समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. हमारा उद्देश्य है बढ़ती हुई विश्वसनीय पानी के भंडारण की मांग को लगातार पूरा करना, ताकि सुरक्षित और स्वच्छ पानी सभी घरों तक पहुँच सके.

# शहर में आधुनिक 20 नए बस स्टॉप की सौगात

▶ महिला सफाई मित्रों से करवाया लोकार्पण







नव भारत न्यूज

**इंदौर. आधुनिक सुविधाओं से निर्मित शहर में नए बस स्टॉप शुरू किए गए. बस स्टॉप का शुभारंभ सफाई महिला मित्र के हाथों करवाया गया. अभी 20 बस स्टॉप शुरू किए गए हैं और अगले साल तक शहर में दो सौ बस स्टॉप होंगे.**

कलेक्टर चौराहे पर बस स्टॉप शुभारंभ के मौके पर महापौर भार्गव ने कहा कि इंदौर देश का सबसे स्वच्छ शहर है. इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के पीछे हमारी महिला सफाई मित्रों की समर्पित भूमिका है. आज उन्हीं के हाथों से आधुनिक बस स्टॉप्स का शुभारंभ करवाकर उन्हें सम्मान दे रहे हैं और समाज को स्वच्छता का संदेश भी. उन्होंने बताया कि शहर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को और अधिक सुगम, सुरक्षित एवं तकनीकी रूप से समृद्ध बनाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है. पहले जहां पुराने बस स्टॉप्स पर नागरिकों को बैठने, रुकने और जानकारी प्राप्त करने की समुचित व्यवस्था नहीं थी, वहीं अब इन नए बस स्टॉप्स पर अत्याधुनिक डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं. इस मौके पर सामान्य प्रशासन पर भारी नंदकिशोर पहाड़िया, पार्षद कंचन गिदवानी, रूपाली पेंठारकर, महेश बसवाल, एआईसीटीएसएल सीईओ दिव्यांक सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे.

**यात्रियों को मिलेगी विशेष सुविधा** – पैसेंजर इनफॉर्मेशन सिस्टम (क्क्षुस्), रूट मैप एवं इमरजेंसी कॉन्टैक्ट नंबर, सीसीटीवी कैमरे, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, आरामदायक बैठने की सुविधा और बसों के आने जाने की जानकारी साउंड उद्घोषणा प्रणाली जैसी सुविधा मिलेगी.

**इन स्थानों शुरू हुए...**

बॉम्बे हॉस्पिटल, पलसीकर चौराहा, कलेक्ट्रेट चौराहा, 56 दुकान (दोनों ओर), सम्राट होटल के पास, सिटी सेंटर, रीगल चौराहा, दवा बाजार, एसबीआई कार्यालय, कपास भवन (दोनों ओर), आनंद ज्वैलर्स, सपना संगीता, भंवरकुआ चौराहा, विजय नगर चौराहा (दोनों ओर), रेडिसन चौराहा एवं एयरपोर्ट.

# कार्यालयों में नो हेलमेट नो एंट्री जरूरी : महापौर

**इंदौर.** कलेक्टर द्वारा जारी नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान की सराहना करते हुए इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इस पहल को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए एक पत्र के माध्यम से कलेक्टर को कहा है कि इस अभियान से पहले सभी शासकीय कार्यालयों में नो हेलमेट नो एंट्री का नियम अनिवार्य किया जाए.

महापौर भार्गव ने कहा किकोई भी अच्छा कार्य अपने घर से शुरू होना चाहिए. यदि हम आम जनता से हेलमेट की अनिवार्यता की अपेक्षा कर रहे हैं, तो पहले हमें अपने शासकीय और निजी संस्थानों में यह अनुशासन स्थापित करना होगा. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि हमारे ही अधिकारी-कर्मचारी बिना हेलमेट के शासकीय परिसर में प्रवेश कर रहे हैं, तो नो हेलमेट नो पेट्रोल जैसे जनहित अभियान की सार्थकता कम हो जाएगी। ऐसे में पहले अपने संस्थानों में यह नियम लागू कर उदाहरण प्रस्तुत करना अधिक प्रभावशाली होगा.

**अन्य संस्थान में भी सुनिश्चित करें**

महापौर ने यह भी सुझाव दिया कि शहर के सभी शासकीय व निजी कार्यालय, स्कूल, कॉलेज और संस्थान यह सुनिश्चित करें कि उनके परिसर में बिना हेलमेट के प्रवेश पूर्णतः वर्जित हो. यह एक ऐसा अनुशासन होगा जो सड़क सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाएगा. यह पहल शहर में सड़क सुरक्षा के प्रयासों को नई दिशा देने के साथ-साथ जनता और अधिकारियों के बीच समानता और जवाबदेही की भावना को भी प्रोत्साहित करेगी.



## कोदिया को रजक रत्न अवार्ड से किया सम्मानित

**इंदौर.** जयपुर में विश्व रजक महासंघ पंजीकृत व नेशनल धोबी महासंघ के तत्वाधान में राष्ट्रीय अधिवेशन में रजक समाज के समाजसेवी शिवनारायण कोदिया को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वह समाज का गौरव बढ़ाने पर रजक रत्न अवार्ड 2025 से सम्मान किया गया. मुख्य अतिथि राजस्थान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन लाल राठौर थे. इस दौरान विश्व रजक महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजीत कुमार कनौजिया, नेशनल धोबी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागबलेश्वरराव अण्णा, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार शिंदे, उत्तर प्रदेश के पूर्व सांसद कमांडो कमल किशोर, दिल्ली के विधायक प्रेम चौहान, हरियाणा के यमुनानगर महापौर मदन चौहान, उत्तर प्रदेश-कौशांबी के पूर्व विधायक राम सजीवन आदि द्वारा श्री कोदिया को सम्मानित किया गया. श्री कोदिया के सम्मानित होने पर अशोक महाराज लखनऊ महामंडलेश्वर दादू महाराज, राजकुमार मालवीय इटारसी, राजाराम मालवी भोपाल, कपूर सिंह रजक, शकुंतला बड़े, वरिष्ठ समाजसेवी शिवलाल लश्करी, मोनिक मालवीय, मोहन कोदिया खलीफा, देवीलाल लश्करी आदि ने बधाई दी.

# मंदिर की बेशकीमती जमीन को कराया अतिक्रमण मुक्त

▶ जमीन की अनुमानित कीमत लगभग 25 करोड़ रुपए




नव भारत न्यूज

**इंदौर. जिला प्रशासन और निगम निगम द्वारा आज फिर मंदिर की बेशकीमती जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया गया. गांव भानगढ़ स्थित जमीन की कीमत 25 करोड़ रुपए बताई जा रही है. उक्त जमीन राजस्व रिकार्ड में सरकारी श्रीराम मंदिर के नाम से दर्ज है और उस पर अतिक्रमण कर रखा था.**

कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर सरकारी जमीनों को अतिक्रमण मुक्त करने की लगातार कार्रवाई चल रही है. इसी सिलसिले में आज 25 करोड़ रुपए से ज्यादा की बेशकीमती मंदिर की जमीन अतिक्रमण मुक्त कराया गया.

कलेक्टर को शिकायत मिली थी कि ग्राम भानगढ़ की खसरा क्रमांक 59 रकबा 1.307 हेक्टेयर जमीन श्रीराम शासकीय मंदिर के नाम पर दर्ज है, उक्त भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर रखा है. कलेक्टर सिंह ने जांच के निर्देश दिए थे. निर्देश के आधार पर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी जूनी इंदौर एसडीएम प्रदीप सोनी एवं तहसीलदार प्रीति भिसे ने जांच की. जांच में मंदिर की जमीन पर अतिक्रमण पाया गया. आज एसडीएम जूनी इंदौर प्रदीप सोनी और तहसीलदार प्रीति भिसे श्रीराम मंदिर की जमीन से अतिक्रमण हटाने की कारवाई की. जमीन की बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 25 करोड़ रुपए है. जिला प्रशासन ने उक्त बेशकीमती सरकारी जमीन का कब्जा लिया गया. भूमि पर तार फेंसिंग कर श्रीराम शासकीय मंदिर होने संबंधी सूचना बोर्ड भी लगा दिया गया.

# शिक्षक के हाथ में है प्रलय एवं निर्माण

▶ अहिल्या उत्सव का आयोजन वक्तृत्व प्रतियोगिता संपन्न



**इंदौर. शिक्षक अज्ञानता को दूर करने का हथियार है, संस्कार के बीज रोपने का आधार है. प्रलय व निर्माण दोनों उसके हाथ में होते हैं. शिक्षकों की सबसे बड़ी चुनौती बच्चों को संस्कार देना है यह प्ले स्टोर में डाउनलोड नहीं होते. आज का युवा नशे में उलझा हुआ है. उसे नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करना शिक्षकों के लिए एक चुनौती है विद्यार्थियों में पलायन एक बहुत बड़ी समस्या के रूप में सामने आ रहा है. शिक्षक के हाथ बांध दिए गए हैं. आज के युग में शिक्षक गुरु ना होकर सिर्फ मैंटर हो गया है. गुरु को वह सम्मान नहीं मिल रहा है जो उसे मिलना चाहिए.**

उपरोक्त विचार आज अहिल्या उत्सव समिति द्वारा आयोजित वक्तृत्व व स्पर्धा के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों से आए शिक्षकों के द्वारा व्यक्त किए गए जिसका विषय था वर्तमान परिपेक्ष में शिक्षकों के समक्ष चुनौतियां. निर्मला जायसवाल ने कहा आज शिक्षकों के हाथ बांध दिए गए हैं उन्हें शक्ति देना जरूरी है लेकिन इसका दुरुपयोग ना हो इसका ध्यान रखना पड़ेगा हम. श्रद्धा जैन कहती है शिक्षक की भूमिका को समझना बहुत जरूरी है. शिक्षक होना आसान नहीं है वह एक परामर्शदाता होता है एक मार्गदर्शक होता है तो शिक्षकों के समक्ष चुनौती होती है कि बच्चों की भूमिका को अच्छे से समझे और उसी के अनुसार उन्हें शिक्षा पद्धति में समायोजित करें. शिक्षिका ज्योति जैन कहती है कि बच्चों मे अनुशासनहीनता का बढ़ता स्वरूप शिक्षकों के लिए एक चुनौती है पाश्चात्य संस्कृति का अनुसरण करते बच्चे को भारतीयता की शिक्षा देना व्यवहारिकता की शिक्षा देना एक चुनौती पूर्ण कार्य है. श्रीमती भार्गव कहती है कि आज गूगल, कोचिंग इंस्टीट्यूट ने बच्चों के आधारभूत ज्ञान को विकृत कर दिया है जिसे शिक्षकों को सही राह पर लाने की चुनौती पेश आती है। वंशिका वाधवानी कहती है कि आज की पीढ़ी आत्म मुग्ध है. उन्हें पढ़ाना ही सबसे बड़ी चुनौती है. शिक्षक कृष्णा सोनी ने कहा कि बच्चों को मानसिक, शारीरिक, भावनात्मक रूप से सक्षम बनाकर पढ़ाना ही शिक्षक की चुनौती है और उसके उज्जवल भविष्य का निर्माण करना शिक्षक का महत्वपूर्ण कार्य है.

**23 विद्यालयों के शिक्षकों ने लिया भाग**

प्रतियोगिता प्रमुख विनीता धर्म एवं संयोजिका वृंदा गौड़, सरिता मंगवानी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 23 विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया. अतिथि के रूप में धन्नालाल गोयल एवं वरिष्ठ पत्रकार शक्ति सिंह परमार पूर्व लोकसभा स्पीकर एवं सांसद सुमित्रा महाजन भी मौजूद थी. निर्णायक के रूप में साधना व्यास दीप लक्ष्मी धामनकर जितेंद्र तलरेजा उपस्थित थे. प्रथम पुरस्कार कृष्णा सोनी, द्वितीय पुरस्कार वंशिका वाधवानी और तीसरा पुरस्कार श्रद्धा खेड़े को मिला. प्रवीण मंडलोई एवं अनुराधा शर्मा को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया. संचालन वृंदा गोड ने किया एवं आभार नफीसा बड़वानी ने माना इस अवसर पर ज्योति तोमर, निलेश केदारे, मोनिका सबनीश, राधा राठौर श्रेया सोनी ईति शर्मा शांत सोनी सुषमा पटेल मौजूद थे.

# कहानियां आपकी और मेरी पुस्तक का विमोचन

**इंदौर. राष्ट्रीय डॉ. प्रेमकुमारी नाहटा कहानी प्रतियोगिता प्रतिवर्ष वामा साहित्य मंच के तत्वावधान में आयोजित की जाती है, जिसमें देशभर से प्राप्त होने वाली श्रेष्ठ कहानियों को चयनित कर नगद राशि व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया जाता है.**

वे श्रेष्ठ कहानियां भावनात्मक, हृदयस्पर्शी और मानवीय संवेदनाओं से ओतप्रोत होती है. 2024 और 2025 में जो पुरस्कृत कहानियां है और डॉ. प्रेमकुमारी नाहटा की पांच कहानियों को सम्मिलित करकर जो साझा संग्रह बना- कहानियां आपकी और मेरी का विमोचन हुआ. डॉ. प्रेमकुमारी नाहटा ने बताया कि कहानियां उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा रही है.

उन्होंने अपने पोता-पोती, नाति-नातिन को रोचक कहानी सुना, सुनाकर बड़ा किया है. जब उनके बच्चे कहते थे दादी, नानी एक कहानी और, तो वे कहती थी पहले एक रोटी और. इस अवसर पर मुख्य अतिथि संस्कृति कर्मी संजय पटेल ने इस संग्रह व प्रयास की सराहना की और कहानियों को जीवन की दिग्दर्शिका बताया. अध्यक्ष ज्योति जैन ने इस तरह के संग्रह को लेखन कौशल को बढ़ावा देने के साथ, सम्मान का बड़ा कदम बताया.

साझा संकलन सहयोगी उषा गुप्ता का सम्मान भी किया गया. गरिमामय पुस्तक विमोचन में सचिव स्मृति आदित्य, मुक्ता जैन, डॉ. प्रत्युष जैन, सपना सी.पी. साहू व वामा साहित्य मंच की लेखिकाएं उपस्थित रही.





# सफाई मित्रों को दिए उपहार, किया सम्मानित

**इंदौर.** लगातार 8वीं बार पूरे देश में स्वच्छता के मामले में अपना परचम फहराने का गौरव मिलने पर म.प्र. वैश्य एकता प्रकल्प की ओर से हवा बंगला झोनल कार्यालय पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव के आतिथ्य में समस्त सफाई मित्रों एवं नगर निगम के कर्मचारियों तथा अधिकारियों को उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया.

संस्था के प्रमुख गौरव अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर झोन क्र. 14 के सभी स्वच्छता प्रहरियों में महिलाओं को साड़ियां एवं सफाई मित्रों को शर्ट और पेंट पीस भेंटकर सम्मानित किया गया तथा खिचड़ी और गुलाब जामून का स्वल्पाहार भी कराया गया. इस अवसर पर झोन अध्यक्ष एवं पार्षद नितिन शानू शर्मा तथा झोनल अधिकारी लोकेश शर्मा भी उपस्थित थे और उनका भी सम्मान किया गया. इसी तरह शहर के अन्य झोनल कार्यालयों पर भी संगठन की ओर से सफाई मित्रों को उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया. महापौर भार्गव ने इस उपलब्धि के लिए शहर के नागरिकों के साथ सफाईकर्मियों को भी श्रेय दिया और कहा कि यह पूरे विश्व में नया कीर्तिमान स्थापित हुआ है, जब दुनिया का कोई शहर लगातार आठ बार सफाई के मामले में अव्वल रहते आया है.

**कार्यक्रम** ▶ आईएमए वीमेन फोरम द्वारा थ्रेडिंग लाइफ वीविंग योर ओन नैरेटिव सत्र का आयोजन

# जीवन की घटनाओं और भावनाओं को शब्दों में पिरोया



**इंदौर. इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन के वीमेन फोरम ने एक प्रेरणादायक और भावनात्मक सत्र थ्रेडिंग लाइफ: वीविंग योर ओन नैरेटिव का आयोजन आईएमए मीटिंग रूम में किया. सत्र का उद्देश्य महिलाओं को अपनी जीवन यात्रा को समझने, महसूस करने और खुद की कहानी खुद लिखने के लिए प्रेरित करना था.**

सत्र में अनुभवी मार्गदर्शकों ने प्रतिभागियों को अपनी कहानी को पहचानने और लिखने की प्रेरणा दी. स्टोरी ब्लूप्रिंट गतिविधि में एक रचनात्मक अभ्यास के तहत प्रतिभागियों ने अपने जीवन की घटनाओं और भावनाओं को शब्दों में पिरोया. स्टोरी स्क्रॉल भेंट के अंतर्गत हर प्रतिभागी को उनकी खुद की लिखी हुई कहानी एक स्मृति के रूप में दी गई. कार्यक्रम की शुरुआत में प्रतिभागियों से कहा गया कि वे अपने जीवन की चुनौतियों, प्रेरणाओं और उपलब्धियों को याद करें, जिससे वे अपनी पहचान को और अच्छे से समझ सकें. सत्र का संचालन ईशानी महेश्वरी और बरखा अग्रवाल ने किया. कार्यक्रम में मार्गदर्शक के रूप में डॉ. सोनम सिसोदिया, डॉ. वीना ददवानी, डॉ. स्वाति चिपलोट, सुश्री पल्लवी सोनी और सुश्री ऐनी खंडेलवाल उपस्थित रहीं. आईएमए वीमेन फोरम का यह आयोजन महिलाओं को आत्मचिंतन और आत्म-अभिव्यक्ति की दिशा में प्रेरित करने वाली एक सराहनीय पहल रही.